दिन– रविवार दिनांक– 04 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. खेलो इंडिया, यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया करेंगे उद्घाटन।

02. साढ़े आठ हजार से अधिक खिलाड़ी अट्ठाईस अलग–अलग खेलो में पदक के लिए दिखायेंगे दमखम।

03. मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी आज। देश भर के तेरह शहरों में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर परीक्षा का होगा आयोजन।

04. और वेव्स शिखर सम्मेलन का आज मुंबई में हो रहा है समापन।

अब समाचार विस्तार से........

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की शुरूआत आज शाम पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य समारोह के साथ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इसका उद्घाटन करेंगे। पन्द्रह मई तक चलने वाले इन खेलो में, अठारह वर्ष से कम आयु वर्ग की साढे आठ हजार से अधिक युवा प्रतिभाएं चौबीस सौ से अधिक पदकों के लिए खेलेंगी। पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय समेत छह शहरों में कुल अट्ठाईस स्पर्धाएं होंगी। साइकिलिंग, शूटिंग और एथलेटिक्स के आयोजन नई दिल्ली में होंगे। उद्घाटन समारोह में लेजर शो के साथ बिहार की विरासत, इतिहास और ज्ञान परंपरा को दर्शाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। उद्घाटन समारोह में मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी और लोक गायिका मैथिली ठाकुर भी रहेंगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन स्पोर्ट्स और ओलंपिक वेब पोर्टल पर किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि यह उदघाटन समारोह ओलंपिक खेलों के शुभारंभ की तरह भव्य होगा।

–––बाइट–––

———————————————————————————

भारतीय खेल प्राधिकरण, साई के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव ने कहा है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सातवें संस्करण के मेजबान के रूप में बिहार के पास अपनी खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए, डीडीजी ने कहा कि इस मेगा इवेंट से राज्य को खेल के बुनियादी ढांचे के विकास और युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स ने युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने के अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक दो हजार चौबीस में, खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत तैयार किए गए खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में संविदा पर काम कर रहे सभी चालक सिपाही नियमित होंगे। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में बारहवीं पास कर चुके सभी संविदा चालकों की पन्द्रह मई तक संबंधित जिला और इकाई में स्थाई रूप से नियुक्ति किये जाने का आदेश जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि वैसे संविदा चालक जो वर्तमान में केवल दसवीं उत्तीर्ण हैं, उनकी फिलहाल सेनानिवृत्ति आयु तक संविदा नियुक्ति ही होगी। योगदान के पांच वर्ष के अन्दर बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने पर उनको भी नियमित कर दिया जायेगा।

———————————————————————————

आज देश भर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा तेरह शहरों में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए बाईस लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी देने वाले एक सौ पैंसठ से अधिक टेलीग्राम चैनलों तथा बत्तीस से अधिक इन्स्टाग्राम चैनलों पर कार्रवाई की गई है। एनटीए ने विद्यार्थियों से भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवारों पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया जायेगा। इधर, आर्थिक अपराध इकाई ने

भी परीक्षार्थियों को सतर्क रहने को कहा है। इस परीक्षा में राज्य से सवा लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। पटना में चौहत्तर केन्द्र बनाये गये हैं।

———————————————————————

रेलवे ने चारधाम यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स ट्रेन की शुरूआत की है। यह रेलगाड़ी बद्रीनाथ, जोशीमठ, ऋषिकेश, पुरी, कोणार्क, रामेश्वरम और द्वारका के साथ—साथ काशी विश्वनाथ, भीमशंकर और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा के लिए शुरू की गई है।

———————————————————————

मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट—वेव्स संपन्न हो रहा है। आज समिट के अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र होंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह आयोजन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। आयोजन में नब्बे से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

———————————————————————

वेव्स बाज़ार का उद्घाटन संस्करण वेव्स दो हजार पच्चीस सफलता के साथ संपन्न हो गया। इसके वैश्विक व्यापार सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। बाज़ार ने फिल्म, संगीत, रेडियो, वीएफएक्स और एनिमेशन क्षेत्रों में आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक के व्यापारिक लेन—देन किए। अनुमान है कि आने वाले दिनों में इन लेन—देन का कुल मूल्यांकन एक हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है, क्योंकि सौदे अभी भी जारी हैं। वेव्स बाज़ार ने उभरते हुए क्रिएटर को खरीदारों और सहयोगियों के वैश्विक नेटवर्क के लिए अपनी बौद्धिक संपदा को पेश करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस आयोजन ने कई संभावनाओं को जन्म दिया है। देश मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करने को तैयार है।

———बाइट———

———————————————————————

महागठबंधन दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पटना में होगी। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित वाम दलों के प्रमुख नेता इस बैठक में शामिल होंगे। इसके साथ ही सभी दलों के सांसद, विधायक और विधान परिषद के सदस्य भी बैठक में मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार महागठबंधन दलों के

बीच विधानसभा चुनाव को लेकर तालमेल को जिला स्तर तक ले जाने की रणनीति पर चर्चा होगी।

—————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने दरभंगा वायु सेना स्टेशन पर तैनात सेना के सहायक अभियंता कौशलेश कुमार को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है। आरोपी अभियंता पर एयर फोर्स स्टेशन की सड़क निर्माण से संबंधित बिल भुगतान करने के बदले रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने कौशलेश कुमार के घर में तलाशी के दौरान विभिन्न बैंक खाते में तिरसठ लाख रूपये से अधिक की राशि, लाखों रूपये के आभूषण और दो सम्पत्ति के कागजात जब्त किये हैं।

—————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के छब्बीस जिलों में मेघगर्जन के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पूर्वी चम्पारण, सारण, सीवान, गोपालगंज, भोजपुर, नालंदा, लखीसराय और शिवहर के कई क्षेत्रों में भारी बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, मुंगेर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, रोहतास, कैमूर और वैशाली जिले में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

—————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने इस वर्ष एक जून से पच्चीस जून तक बिहार प्रीमियर लीग आयोजित करने की घोषणा की है। एसोसिएशन के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर ही बिहार प्रीमियर लीग होगा। लीग में बिहार के छह शहरों के नाम पर आधारित टीमें भाग लेंगी। सभी मुकाबले पटना के ऊर्जा स्टेडियम में खेले जायेंगे।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में आज से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आज से। पन्द्रह मई तक चलेगी खेलो इंडिया के तहत खेल प्रतिस्पर्धाएं। दैनिक जागरण लिखता है– सजा खेलो इंडिया यूथ गेम्स का मंच, शुभारंभ आज। दैनिक भास्कर का शीर्षक है– पोर्टल पर कलाकारों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन शुरू। राज्य में फिल्मों की शुटिंग में मिलेगा काम। प्रभात खबर ने विधानसभा चुनाव की तैयारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित

करते हुये लिखा है– एक ही स्थान पर तीन साल से जमे कर्मियों का होगा तबादला। स्थानांतरण का कट ऑफ डेट इकतीस अगस्त। आज अखबार का शीर्षक है– न्यायमित्र के दो हजार चार सौ छत्तीस पदों पर अंतिम मेधा सूची जल्द होगी जारी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. खेलो इंडिया, यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया करेंगे उद्घाटन।

02. साढ़े आठ हजार से अधिक खिलाड़ी अट्ठाईस अलग–अलग खेलो में पदक के लिए दिखायेंगे दमखम।

03. मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी आज। देश भर के तेरह शहरों में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर परीक्षा का होगा आयोजन।

04. और वेव्स शिखर सम्मेलन का आज मुंबई में हो रहा है समापन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।